MA Prayojanmoolak Hindi Patrakarita (454)

**15P/225/23**

Question Booklet No. ..................

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | | |

Roll No.
*(Write the digits in words)* ..........................................................

Serial No. of OMR Answer Sheet ..........................................

Day and Date .......................................................... ..........................................(Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

[No. of Printed Pages : 24+2

collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150**

**Time/समय :** 2½ Hours/घण्टे **Full Marks/पूर्णांक :** 450

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3** marks. **One** mark will be deducted for each incorrect answer. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** H1N1 वायरस किस रोग से सम्बन्धित है?

(1) बुखार (2) कैंसर (3) एड्स (4) स्वाइन फ्लू

**2.** वर्ष 2013 का भारत रत्न सम्मान किसे दिया गया?

(1) पं० मदन मोहन मालवीय (2) अटल बिहारी वाजपेयी

(3) सुनिल गावस्कर (4) सचिन तेंदुलकर



collegedunia
India's largest Student Review Platform

3. MOM (मार्स आर्बीटर मिशन) ने मंगल पर कब कदम रखा?

(1) 24.09.2014 (2) 24.10.2014 (3) 24.08.2014 (4) 24.11.2014

4. *निर्वासन* नामक चर्चित उपन्यास के लेखक हैं?

(1) अलका सरावगी (2) दूधनाथ सिंह (3) अखिलेश (4) काशीनाथ सिंह

5. सैम्संग मोबाइल कम्पनी का सम्बन्ध किस देश से है?

(1) इंगलैण्ड (2) कोरिया (3) ऑस्ट्रेलिया (4) जर्मनी

6. 'आरंभ' शब्द में कुल कितने वर्ण हैं?

(1) छह (2) पाँच (3) तीन (4) चार

7. 'देवदारु' में 'दारु' का अर्थ है

(1) घर (2) जमीन (3) आकाश (4) नशा

8. 'डायट' कहाँ की संसद है?

(1) जापान (2) भारत (3) रूस (4) अमेरिका

9. विश्व में पाए जाने वाले सबसे हल्के पदार्थ का नाम है

(1) हाइड्रोजन (2) ऑक्सीजन (3) कैल्शियम (4) फॉस्फोरस

10. 'जो कम बोलता हो,' उसे कहते हैं

(1) मितभाषी (2) मितव्ययी (3) मितकथन (4) मितवाचिक



collegedunia
India's largest Student Review Platform

11. वर्ण 'श' किस श्रेणी का वर्ण है?

(1) तालव्य (2) दंत्य (3) ओष्ठ्य (4) मूर्धन्य

12. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(1) अनुसरण (2) अनाधिकार (3) अनिष्ट (4) अहल्या

13. 'Reminder' के लिए हिन्दी शब्द है

(1) अनुदेश (2) अध्यादेश (3) अनुस्मारक (4) अधिसूचना

14. 'टिप्पण लेखन' को अंग्रेजी में लिखा जाता है

(1) Noting (2) Drafting (3) Notification (4) Writing

15. 'दोहा' कौन-सा छन्द है?

(1) वर्णिक (2) मात्रिक (3) घनाक्षरी (4) वर्तिका

16. '41' की मानक हिन्दी है

(1) इकतालीस (2) एकतालीस (3) इकतालीश (4) अकतालीस

17. 'बघेली' बोली किस उपभाषा की बोली है?

(1) पश्चिमी हिन्दी (2) पूर्वी हिन्दी (3) बिहारी (4) पहाड़ी

18. पत्रकारिता में 'फोरमैन' शब्द का आशय है

(1) सम्पादक (2) प्रूफ-रीडर

(3) कम्पोजिंग विभाग का मुख्य व्यक्ति (4) जनरेटर चलाने वाला मेकैनिक



collegedunia
India's largest Student Review Platform

19. निम्नलिखित में से किस समाचार एजेंसी का सम्बन्ध हिन्दी के प्रख्यात लेखक धर्मवीर भारती से रहा है?

(1) समाचार भारती (2) पी० टी० आई० (3) न्यूज़ ब्यूरो (4) समाचार समिति

20. 'दार' प्रत्यय किस भाषा का है?

(1) हिन्दी (2) संस्कृत (3) अंग्रेजी (4) फारसी

21. हिन्दी में 'Colon' को क्या कहते हैं?

(1) अपूर्ण विराम (2) पूर्ण विराम (3) अल्प विराम (4) अर्ध विराम

22. एक वृत्ताकार पहिया, जिसकी त्रिज्या (Radius) 28 मीटर है, को 352 मीटर की दूरी तय करने में कितनी बार घूमना पड़ेगा?

(1) दो बार (2) तीन बार (3) चार बार (4) एक बार

23. चीन के बार्डर पर स्थित नाथुला किस राज्य में पड़ता है?

(1) सिक्किम (2) मेघालय (3) असम (4) पश्चिम बंगाल

24. 'Cakewalk' को हिन्दी में कहते हैं

(1) कोई बहुत आसान काम (2) सहज काम

(3) कठिन काम (4) मंद काम

25. 'पीछे-पीछे' को अंग्रेजी में कहते हैं

(1) Close on the heels (2) Following

(3) Chasing behind (4) Come behind



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**26.** 'Act' के लिए हिन्दी प्रतिशब्द है

(1) नियम (2) उपनियम (3) परिनियम (4) अधिनियम

**27.** हिन्दी भाषा की सामासिक पहचान के निर्देश संविधान के किस अनुच्छेद में दिये गये हैं?

(1) अनुच्छेद 351 (2) अनुच्छेद 352 (3) अनुच्छेद 353 (4) अनुच्छेद 354

**28.** प्राकृतिक गैस (Natural gas) में सबसे ज्यादा रहती है

(1) मीथेन (2) ईथेन (3) ब्यूटेन (4) प्रोपेन

**29.** शरीर का कौन-सा अंग 'इन्स्यूलिन' (Insulin) को उत्पन्न करता है?

(1) पैनक्रिआस (2) फेफड़ा (3) आंत (4) हृदय

**30.** *हिन्दी शब्दानुशासन* के लेखक हैं

(1) कामता प्रसाद गुरु (2) भोलाशंकर व्यास

(3) भोलाशंकर तिवारी (4) किशोरी दास बाजपेयी

**31.** *संस्कृति के चार अध्याय* नामक पुस्तक के लेखक हैं

(1) रामधारी सिंह 'दिनकर' (2) अज्ञेय

(3) प्रेमचंद (4) निराला

**32.** लक्षद्वीप समूह किस महासागर में स्थित है?

(1) प्रशांत महासागर (2) अटलांटिक महासागर

(3) अरब महासागर (4) बंगाल की खाड़ी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**33.** निम्न में से कौन हिन्दी-उर्दू के सम्मिलित लेखन का पक्षधर था?

(1) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'
(2) राजा लक्ष्मण सिंह
(3) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(4) प्रताप नारायण मिश्र

**34.** निम्न में से कौन-सी ध्वनि 'मूर्धन्य' है?

(1) ट्
(2) त्
(3) थ्
(4) न्

**35.** वर्ष 2014 का साहित्य अकादेमी पुरस्कार हिन्दी के किस लेखक को दिया गया है?

(1) रमेश चंद्र शाह
(2) केदारनाथ सिंह
(3) कुँवर नारायण
(4) चंद्रकांत देवताले

**36.** *भाषा और समाज* नामक चर्चित पुस्तक के लेखक हैं

(1) नामवर सिंह
(2) रामविलास शर्मा
(3) मुक्तिबोध
(4) भोलानाथ तिवारी

**37.** तेलंगाना भारत का कौन-सा राज्य है?

(1) उन्तीसवाँ
(2) बीसवाँ
(3) उन्नीसवाँ
(4) चालीसवाँ

**38.** *मुर्दहिया* किस लेखक की चर्चित कृति है?

(1) शिवराज सिंह बेचैन
(2) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(3) तुलसीराम
(4) कँवल भारती

**39.** दिन-रात किस तिथि को बराबर होते हैं?

(1) 21 मार्च
(2) 22 मार्च
(3) 23 मार्च
(4) 24 मार्च



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**40.** ऋतु परिवर्तन का मुख्य कारण होता है

(1) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमना (2) पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना

(3) चंद्रमा का पृथ्वी की परिक्रमा करना (4) चंद्रमा द्वारा पृथ्वी का चक्कर लगाना

**41.** सन् 1916 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के समय भारत के गवर्नर-जनरल थे

(1) लॉर्ड माउंटबेटन (2) लॉर्ड वेलेजली (3) लॉर्ड हार्डिंग (4) लॉर्ड रीडिंग

**42.** *नाट्यशास्त्र* के रचयिता का नाम है

(1) भरत (2) भामह (3) दण्डी (4) उद्भट

**43.** निम्न में से कौन-सा रोग बैक्टीरिया से उत्पन्न नहीं होता?

(1) कालरा (2) टी०बी० (3) टायफायड (4) डेंगू

**44.** 'Endorsement' को शासकीय भाषा में कहते हैं

(1) पृष्ठभूमि (2) पृष्ठांकन (3) नामांकन (4) तारांकन

**45.** फेसबुक के संस्थापक कौन हैं?

(1) मार्क इलियट जुकेरबर्ग (2) चार्ल्स मोरे

(3) रतन टाटा (4) बिल गेट्स

**46.** भारत की सुप्रसिद्ध बर्फीली 'छांगू झील' किस राज्य में है?

(1) सिक्किम (2) बंगाल (3) कश्मीर (4) ओडिशा



collegedunia
India's largest Student Review Platform

47. 'हिन्दी समय काम' किस विश्वविद्यालय की प्रमुख वेबसाइट है जिस पर हिन्दी भाषा की तमाम अद्यतन जानकारियाँ रहती हैं?

(1) महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

(2) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

(3) इलाहाबाद विश्वविद्यालय

(4) दिल्ली विश्वविद्यालय

48. प्रतीक पत्रिका के सम्पादक कौन थे?

(1) धर्मवीर भारती

(2) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

(3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(4) रामविलास शर्मा

49. 'शब्द शक्तियाँ' कितने प्रकार की होती हैं?

(1) तीन (2) चार (3) पाँच (4) छह

50. 'गत्यवरोध' (गति + अवरोध) में कौन-सी संधि होगी?

(1) स्वर संधि (2) यण संधि (3) दीर्घ संधि (4) व्यंजन संधि

51. 'पर्यावरण' में उपसर्ग होगा

(1) प (2) परि (3) पर्य (4) पर्याव

52. 'थाली का बैगन' नामक मुहावरे का अर्थ है

(1) सिद्धान्तहीन व्यक्ति

(2) अवसरवादी व्यक्ति

(3) झूलता हुआ व्यक्ति

(4) साँवला व्यक्ति



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**53.** इन्दु पत्रिका के सम्पादक का नाम है

(1) जयशंकर प्रसाद (2) महादेवी वर्मा

(3) अमृत लाल नागर (4) भगवती चरण वर्मा

**54.** अगस्त, 2014 में अपनी जापान यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री जापान के जिस नोबेल पुरस्कार विजेता शिन्या यामानाका से मिले थे, उनका किस क्षेत्र में योगदान रहा है?

(1) स्टेम सेल (2) सोलर ऊर्जा

(3) एल०ई०डी० बल्ब (4) डी०एन०ए०

**55.** निम्नलिखित में से 'देशज' शब्द कौन-सा है?

(1) ठुमरी (2) सितारा (3) देहात (4) बैन

**56.** 'गुलाब' शब्द किस विदेशी भाषा से गृहीत है?

(1) अरबी (2) फारसी (3) पुर्तगाली (4) तुर्की

**57.** 'बलहीन' में कौन-सा समास प्रयुक्त है?

(1) कर्मधारय समास (2) तत्पुरुष समास

(3) अव्ययीभाव समास (4) द्वन्द्व समास

**58.** निम्नलिखित में से किस वर्ण में देवनागरी लिपि का दोष प्रकट होता है?

(1) क (2) ख (3) त (4) ब



collegedunia
India's largest Student Review Platform

59. हिन्दी भाषा की कितनी उपभाषाएँ हैं?

(1) चार (2) सात (3) छह (4) पाँच

60. देवनागरी लिपि में 'ऑ' ध्वनि गृहीत है

(1) संस्कृत से (2) अंग्रेजी से (3) अरबी से (4) उर्दू से

61. पंचम वर्ण के स्थान पर केवल अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव किसने दिया?

(1) डॉ० श्यामसुन्दर दास (2) डॉ० भोलानाथ तिवारी

(3) लोकमान्य तिलक (4) काका कालेलकर

62. भारत में नागरिक सेवा का जनक किसे कहा जाता है?

(1) वारेन हेस्टिंग्स (2) लॉर्ड विलियम बेंटिंक

(3) लॉर्ड रिपन (4) लॉर्ड कॉर्नवालिस

63. वायुमण्डल के किस परत में वायुयान उड़ाने की आदर्श दशायें पायी जाती हैं?

(1) क्षोभमण्डल (2) समतापमण्डल (3) ओजोनमण्डल (4) आयनमण्डल

64. कम्प्यूटर साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?

(1) 2 दिसम्बर (2) 5 दिसम्बर (3) 10 दिसम्बर (4) 20 दिसम्बर

65. प्राथमिक रंग के रूप में किसे जाना जाता है?

(1) लाल, हरा, पीला (2) लाल, काला, पीला

(3) लाल, हरा, नीला (4) लाल, काला, बैंगनी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**66.** 'अरविन्द पनगढ़िया' किस आयोग के उपाध्यक्ष हैं?

(1) योजना आयोग
(2) नीति आयोग
(3) संघ लोकसेवा आयोग
(4) वित्त आयोग

**67.** आई०सी०सी० ने क्रिकेट विश्वकप, 2015 हेतु ब्रांड एम्बेसडर किस महान् खिलाड़ी को नियुक्त किया है?

(1) रिकी पोंटिंग (2) सचिन तेन्दुलकर (3) ब्रायन लारा (4) महेला जयवर्धने

**68.** 3-7 जनवरी, 2015 तक 'भारतीय विज्ञान काँग्रेस' का कार्यक्रम कहाँ आयोजित हुआ था?

(1) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
(2) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
(3) चेन्नई विश्वविद्यालय, चेन्नई
(4) मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई

**69.** निम्नलिखित में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

8, 27, ?, 343, 1331

(1) 125 (2) 130 (3) 140 (4) 150

**70.** यदि HJSM का अर्थ GIRL हो, तो RNES का क्या अर्थ होगा?

(1) BOYS (2) SOFT (3) COWS (4) TOYS

**71.** यदि STABLE का कूट हो 123456 और LABOUR का कूट हो 534789, तो BOTTLE का कूट क्या होगा?

(1) 472256 (2) 472556 (3) 472265 (4) 475526



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**72.** यदि + और ÷ को आपस में बदलें और 2, 5 को आपस में बदलें, तो संख्या $8 \div 4 \times 5 + 2 - 3$ का मान ज्ञात कीजिए

(1) 2 (2) 6 (3) 4 (4) 8

**73.** यदि $A$ व्यक्त करता हो −, $C$ व्यक्त करता हो ×, $D$ व्यक्त करता हो ÷ और $E$ व्यक्त करता हो +, तो निम्न में प्रश्नसूचक के स्थान पर क्या होगा?

$$14C3A12E4D2 = ?$$

(1) 17 (2) 28 (3) 16 (4) 32

**74.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए

(1) मुझे बड़ी भूख लगी है (2) मुझे बहुत भूख लगी है

(3) मुझे बड़ी भूख लगा है (4) मुझे बहुत भूख लगा है

**75.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए

(1) यह मेरा पुस्तक है

(2) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं

(3) बन्दूक एक उपयोगी शस्त्र है

(4) बाघ और बकरी एक घाट का पानी पीती है

**76.** निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए

(1) उसे अनुत्तीर्ण होने का संशय है (2) उसे अनुत्तीर्ण होने का शक है

(3) उसे अनुत्तीर्ण होने का आशा है (4) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है

**77.** राजभाषा आयोग का गठन किसके द्वारा किया गया था?

(1) प्रधानमंत्री (2) राष्ट्रपति (3) शिक्षामंत्री (4) संसद



collegedunia
India's largest Student Review Platform

78. राजभाषा से सम्बन्धित अनुच्छेद भारतीय संविधान के किस भाग में है?

(1) 15वें भाग में (2) 16वें भाग में (3) 17वें भाग में (4) 18वें भाग में

79. 'हिन्दुस्तानी' भाषा किसे कहा जा सकता है?

(1) हिन्दी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा (2) हिन्दी-अरबी मिश्रित भाषा

(3) हिन्दी-उर्दू मिश्रित भाषा (4) हिन्दी-फारसी मिश्रित भाषा

80. राजभाषा आयोग का गठन संविधान की किस धारा के अन्तर्गत किया गया है?

(1) धारा 343 (2) धारा 344 (3) धारा 351 (4) धारा 350

81. *बंगदूत* पत्र के सम्पादक का क्या नाम था?

(1) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (2) स्वामी दयानन्द सरस्वती

(3) राजा राममोहन राय (4) स्वामी विवेकानन्द

82. हिन्दी भाषी क्षेत्र से निकलने वाला प्रथम दैनिक पत्र कौन-सा है?

(1) *आज* (2) *हिन्दोस्थान* (3) *हिन्दी बंगवासी* (4) *अमर उजाला*

83. 'NEWS' शब्द में 'W' का क्या संकेत है?

(1) World (2) Work (3) Walk (4) West

84. निम्न में से संक्षेपण में क्या प्रयुक्त नहीं होना चाहिए?

(1) सरल भाषा (2) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

(3) वाक्यांश के लिए एक शब्द (4) अन्य पुरुष शब्दों का प्रयोग



collegedunia
India's largest Student Review Platform

85. निम्नलिखित में से संक्षेपण में क्या सम्मिलित है?

(1) शीर्षकीकरण (2) प्रकाशन (3) काव्यानुवाद (4) अनुवाद

86. 'पल्लवन' को अंग्रेजी में किस नाम से जाना जाता है?

(1) Précis writing (2) Noting

(3) Expansion (4) Drafting

87. व्यास शैली का प्रयोग किसमें होता है?

(1) अनुवाद में (2) संक्षेपण में (3) पल्लवन में (4) संशोधन में

88. संक्षेपण और सारांश का अनुपात क्या माना जाता है?

(1) 2:3 (2) 3:1 (3) 3:4 (4) 4:3

89. एफ०एम० का पूरा नाम क्या है?

(1) फ्रीक्वेंसी म्यूजिक (2) फ्रीक्वेंसी मॉड्यूलेशन

(3) फ्रीक्वेंसी मॉडल (4) फास्ट म्यूजिक

90. 'डॉक्यूमेन्ट्री' का हिन्दी अनुवाद होगा

(1) चलचित्र (2) छायाचित्र (3) वृत्तचित्र (4) छायांकन

91. 'अ' की बारह खड़ी का प्रयोग करने का सुझाव किसने दिया?

(1) वीर सावरकर (2) काका कालेलकर

(3) महात्मा गाँधी (4) महादेव गोविन्द रानाडे



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**92.** वाच्य के कितने भेद होते हैं?

(1) 5 (2) 4 (3) 3 (4) 2

**93.** निम्नलिखित में से पुलिंग शब्द कौन-सा है?

(1) तिथि (2) रोटी (3) टोपी (4) दही

**94.** हिन्दी भाषा की उत्पत्ति मूलतः किस अपभ्रंश से हुई है?

(1) पैशाची अपभ्रंश (2) अर्द्धमागधी अपभ्रंश

(3) मागधी अपभ्रंश (4) शौरसैनी अपभ्रंश

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों (**95** से **97** तक) के सही उत्तर का विकल्प चयन कीजिए।

रेखाचित्र से मिलती-जुलती विधा संस्मरण है। अंग्रेजी में इसे 'मेमायर्स' कहते हैं। संस्मरण लेखक की स्मृति से सम्बन्ध रखता है और स्मृति में वही अंकित रह जाता है जिसने उसके भाव या बोध को कभी गहराई में उद्वेलित किया हो। संस्मरण और रेखाचित्र में भेदक रेखा खींच पाना यद्यपि कठिन है तथापि संस्मरण विवरणात्मक होते हैं और रेखाचित्र रेखात्मक। उनमें इतिवृत्ति की प्रधानता नहीं होती। रेखाचित्रों में सूक्ष्म तथ्य रहते हैं, घटनाओं का विवरण नहीं दिया जाता। यह भी उल्लेखनीय है कि रेखाचित्र में वस्तुपरक दृष्टिकोण की प्रधानता होती है जबकि संस्मरण आत्मपरक रचना है। रेखाचित्र में लेखक का व्यक्तित्व नहीं उभरता, जबकि संस्मरण में लेखक का व्यक्तित्व भी प्रकारान्तर से आ जाता है। हिन्दी में संस्मरण और रेखाचित्र आपस में मिल गए हैं। अनेक लेखकों की रचनाएँ कुछ आलोचकों ने संस्मरण के अन्तर्गत मानी हैं जबकि कुछ अन्य उन्हें रेखाचित्र कहना उपयुक्त समझते हैं। प्रायः प्रत्येक संस्मरण लेखक रेखाचित्र लेखक भी है और प्रत्येक रेखाचित्र लेखक संस्मरण लेखक है। यही कारण है कि रेखाचित्र और संस्मरण में विभाजन रेखा खींच पाना कठिन है। आनुपातिक दृष्टि से वैयक्तिकता एवं तटस्थता को देखकर ही यह निर्णय किया जाता है कि कोई रचना संस्मरण है या रेखाचित्र।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

95. कौन-सी विशेषता किसी रचना को संस्मरण बना देती है?

(1) विवरणात्मकता (2) रेखात्मकता

(3) आत्मपरकता (4) विवरणात्मकता तथा आत्मपरकता

96. उपरोक्त अवतरण में किस शैली का प्रयोग किया गया है?

(1) आलोचनात्मक शैली (2) उद्धरण शैली

(3) वर्णनात्मक शैली (4) विवेचनात्मक शैली

97. संस्मरण और रेखाचित्र में विभाजन रेखा खींच पाना कठिन है, क्योंकि

(1) दोनों मिलती-जुलती विधाएँ हैं

(2) जो संस्मरण लेखक हैं, वे ही रेखाचित्र लेखक भी हैं

(3) दोनों का सम्बन्ध अतीत की स्मृतियों से है

(4) उपरोक्त सभी

98. दी गई भिन्न में निम्नलिखित संख्याओं में से कौन-सी संख्या दोनों प्रश्नवाचक चिह्नों (?) की जगह रखी जा सकती है?

$$\frac{?}{144} = \frac{16}{?}$$

(1) 24 (2) 48 (3) 56 (4) 32

99. कितने वर्ष में किसी मूलधन का ब्याज 4 प्रतिशत की दर से उसका $\frac{2}{5}$ हो जायेगा?

(1) 6 वर्ष (2) 8 वर्ष (3) 9 वर्ष (4) 10 वर्ष



collegedunia India's largest Student Review Platform

**100.** किसी परीक्षा में 15% छात्र अनुत्तीर्ण हुए जबकि 1275 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में कुल कितने छात्र सम्मिलित हुए?

(1) 1000 (2) 2000 (3) 1500 (4) 2500

**101.** 30 लीटर अल्कोहल में कितना पानी मिलाया जाये कि घोल 40 प्रतिशत शक्ति का हो जाये?

(1) 15 लीटर (2) 25 लीटर (3) 35 लीटर (4) 45 लीटर

**102.** किसी कक्षा के 30 छात्रों की आयु का औसत 15 वर्ष है। 3 और छात्रों के प्रवेश के बाद भी औसत आयु अपरिवर्तित रहती है। नये 3 छात्रों की उम्र का योग है

(1) 15 वर्ष (2) 30 वर्ष (3) 45 वर्ष (4) 60 वर्ष

**103.** $5 \cdot 6435 \times 46 \cdot 785 \div 26 \cdot 54$ का मान दो दशमलव स्थान तक निकालें

(1) 9·95 (2) 9·38 (3) 8·98 (4) 10·01

**104.** $\dfrac{236 \cdot 8}{\sqrt{539 \cdot 6 \times \sqrt{610 \cdot 4}}}$ का मान ज्ञात कीजिए

(1) 0·2126 (2) 0·3126 (3) 0·4126 (4) 0·4216

**105.** एक एजेंट 3% सामान्य कमीशन तथा 2½% परिशोध कमीशन प्राप्त करता है। ₹ 15,000 के कुल विक्रय पर पारिश्रमिक क्या है, यदि ₹ 10,000 की बिक्री उधार बिक्री है?

(1) ₹ 250 (2) ₹ 300 (3) ₹ 450 (4) ₹ 700

**106.** 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ₹ 600 प्रतिमाह अर्जित करने के लिए कितनी पूँजी की आवश्यकता है?

(1) ₹ 90,000 (2) ₹ 1,00,000 (3) ₹ 1,20,000 (4) ₹ 1,50,000



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**107.** एक वस्तु 5% लाभ पर बेची गई। यदि उसे 5% हानि पर बेचा गया होता तो ₹ 15 कम मिलते। उस वस्तु का लागत मूल्य बताइए

(1) ₹ 100 (2) ₹ 120 (3) ₹ 130 (4) ₹ 150

**108.** एक पेन को ₹ 11 में बेचा जाता है और उस पर उतने ही प्रतिशत लाभ होता है जितने में उसे क्रय किया गया था। इसका क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए

(1) ₹ 10 (2) ₹ 11 (3) ₹ 12 (4) ₹ 9

**109.** 16 आदमी या 28 लड़के किसी काम को 40 दिनों में पूरा करते हैं, तो 24 आदमी और 14 लड़के उसी काम को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

(1) 10 दिन (2) 15 दिन (3) 20 दिन (4) 25 दिन

**110.** एक व्यक्ति 500 किलोमीटर की यात्रा रेलगाड़ी से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से, 300 किलोमीटर की यात्रा टैक्सी से 25 किलोमीटर प्रति घंटा तथा 400 किलोमीटर की यात्रा हवाई जहाज से 350 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से पूरा करता है। सम्पूर्ण यात्रा के लिये उसकी औसत गति क्या है?

(1) 61·88 किलोमीटर प्रति घंटा (2) 62·88 किलोमीटर प्रति घंटा

(3) 60·88 किलोमीटर प्रति घंटा (4) 63·88 किलोमीटर प्रति घंटा

**111.** निम्नांकित शब्दों में से किसकी वर्तनी अशुद्ध है?

(1) सौहार्द्र (2) आर्द्र (3) भद्र (4) नीरद

**112.** भावार्थ की दृष्टि से निम्नलिखित समूह का कौन-सा शब्द बेमेल है?

(1) मृदुल (2) कोमल (3) मनोहर (4) मुलायम



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**113.** 'निर्वचन' के अर्थबोधन के लिए सबसे उचित विकल्प है

(1) वचन न निभाना (2) व्याख्या करना (3) चुनाव करना (4) चुप रहना

**114.** 'प्रत्युत' शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थबोधक है

(1) लेकिन (2) अलावा (3) यद्यपि (4) बल्कि

**115.** 'उत्तराधिकार में मिली सम्पत्ति' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है

(1) उत्तरदाय (2) रिक्थ (3) उत्तरधन (4) हब्बा

**116.** 'तालू में जीभ न लगना' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) भूख से तड़पना (2) प्यासा रह जाना (3) स्वाद न रहना (4) चुप न रहना

**117.** 'और बोलो'—यह स्लोगन आजकल टेलीविज़न पर दिखाए जाने वाले किस मोबाइल नेटवर्क का है?

(1) बी०एस०एन०एल० (2) वोडाफ़ोन

(3) एयरटेल (4) एयरसेल

**118.** भारत की सर्वप्रथम विज्ञापन एजेंसी का नाम है

(1) इंडियन एडवरटाइजिंग एजेंसी (2) इंडिया पब्लिसिटी कम्पनी

(3) अल्फ़ा एडवरटाइजिंग एजेंसी (4) कलकत्ता पैराडाइज एड एजेंसी

**119.** समाचार-पत्र का दूसरा मुख्य विभाग कौन-सा होता है?

(1) सम्पादन विभाग (2) विज्ञापन विभाग (3) विक्रय विभाग (4) कम्पोजिंग विभाग



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**120.** समाचार-पत्र के सम्पादन का मुख्य उत्तरदायित्व किस पर होता है?

(1) प्रधान सम्पादक (2) प्रधान उपसम्पादक

(3) उपसम्पादक (4) साहित्य सम्पादक

**121.** 'ईसाइयत' के लिए उपयुक्त अंग्रेजी प्रतिशब्द है

(1) Christianity (2) Chrestianity (3) Christanity (4) Chrestinaity

**122.** अंग्रेजी शब्द 'Wife' का बहुवचनान्त रूप है

(1) Wieves (2) Wifes (3) Wifeves (4) Wives

**123.** 'Pronouncement' का अंग्रेजी पर्याय है

(1) Proclamation (2) Announcement

(3) Promulgation (4) Notification

**124.** 'संक्षेपण' के लिए अंग्रेजी शब्द है

(1) Abbriviation (2) Abbreviation

(3) Abriviation (4) Abberviation

**125.** 'Retrospective' के लिए सटीक हिन्दी शब्द है

(1) पूर्वप्रभावी (2) प्रतिपूर्ति (3) पूर्वता (4) प्रतिसंहरण

**126.** 'मेधावी' के लिए उपयुक्त अंग्रेजी शब्द है

(1) Inteligent (2) Intellegent (3) Intelligent (4) Intillegent



collegedunia
India's largest Student Review Platform

127. 'Yours sincerely' का दूसरा अंग्रेजी पर्याय है

(1) Yours obediently
(2) Yours faithfully
(3) Yours truely
(4) Yours only

128. बैंकिंग क्षेत्र में 'Advice accordingly' का अर्थ है

(1) तदनुसार राय दें
(2) तदनुसार विचार करें
(3) तदनुसार परामर्श दें
(4) तदनुसार सूचित करें

129. 'एक्सेन्ट' का अंग्रेजी लिप्यंतरण है

(1) axcent
(2) ascent
(3) accent
(4) excent

130. 'Translated' का अंग्रेजी पर्याय है

(1) अनुवादित
(2) भाषान्तरण
(3) अनूदित
(4) अनुवाद-योग्य

131. 'In pursuance of' का हिन्दी पर्याय होगा

(1) के उत्तर में
(2) के बावजूद
(3) के विषय में
(4) के अनुसार

132. 'लेखा परीक्षक' के लिए पारिभाषिक अंग्रेजी शब्द है

(1) Auditor
(2) Account Officer
(3) Accountant
(4) Chartered Accountant

133. राजभाषा विभाग 'Enclosure' के लिए किस हिन्दी पर्याय का प्रयोग अनुमन्य करता है?

(1) अनुसंलग्नक
(2) अनुलग्नक
(3) परिशिष्ट
(4) संलग्नक



collegedunia
India's largest Student Review Platform

134. 'Disbursing Authority' का हिन्दी पर्याय है

(1) प्रशासनिक अधिकारी
(2) निदेशिका प्राधिकारी
(3) संवितरण अधिकारी
(4) वितरण प्राधिकरण

135. 'दुर्विनियोग' का अंग्रेजी प्रतिशब्द है

(1) Misconduct
(2) Mutation
(3) Misbehaviour
(4) Misappropriation

136. *हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास* शीर्षक ग्रन्थ के लेखक हैं

(1) राधाकृष्ण दास
(2) किशोर वासवानी
(3) रामरतन भटनागर
(4) ब्रजेन्द्रनाथ बन्द्योपाध्याय

137. समाचार पत्रों की स्वतंत्रता के लिए अथक परिश्रम करने वाले इतिहास-पुरुष के रूप में प्रख्यात हैं

(1) वारेन हेस्टिंग्स
(2) चार्ल्स मेटकाफ़
(3) टाइलर विलियम्स
(4) लॉर्ड वेलेजली

138. *समाचार सुधावर्षण* के सम्पादक थे

(1) पं० जुगुल किशोर
(2) श्यामसुन्दर सेन
(3) पं० बृजदत्त शुक्ल
(4) पं० अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी

139. सर्वप्रथम हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित करने वाले राष्ट्रीय नेता का गौरव किसे प्राप्त है?

(1) दयानन्द सरस्वती
(2) केशवचन्द्र सेन
(3) श्री अरविन्द घोष
(4) विपिन चन्द्र पाल



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**140.** 'भारतमित्र' की प्रकाशन-आवृत्ति क्या थी?

(1) दैनिक (2) साप्ताहिक (3) पाक्षिक (4) मासिक

**141.** भारत सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, गतिविधियों और फैसलों की सूचना देने वाली केन्द्रीय एजेंसी है

(1) पत्र सूचना कार्यालय (PIB)

(2) प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI)

(3) भारतीय प्रेस परिषद् (IPC)

(4) गुटनिरपेक्ष समाचार एजेंसी (NANA)

**142.** भारत में रेडियो प्रसारण की सेवा 'इंडियन ब्रॉडकास्टिंग सर्विस' कब प्रारम्भ हुई?

(1) 1927 (2) 1929 (3) 1930 (4) 1952

**143.** "कम्प्यूटर बिना मीडिया की दशा वही होगी, जैसे बिना नमक की सब्जी।" यह किसका कथन है?

(1) श्रीमती इन्दिरा गाँधी

(2) श्री राजीव गाँधी

(3) श्री नरेन्द्र मोदी

(4) श्रीमती सोनिया गाँधी

**144.** कम्प्यूटर प्रोग्राम किन संकेतों में लिखा जाता है

(1) नेमोनिक कोड (Nemonic Code)

(2) मशीनी कोड (Machine Code)

(3) उच्चस्तरीय भाषा (High-level Language)

(4) निम्नस्तरीय भाषा (Low-level Language)

**145.** 'तरंग', 'मयूरी' और 'स्वर्णा' किसके ब्राण्ड नाम हैं?

(1) दाल (2) डाक सेवा (3) चावल (4) बी०एस०एन०एल०



collegedunia India's largest Student Review Platform

**146.** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (National Green Tribunal—NGT) का मुख्यालय किस शहर में प्रस्तावित किया गया?

(1) कोल्हापुर (2) भोपाल (3) बेंगलुरु (4) लखनऊ

**147.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) का आदर्श सूत्र-वाक्य है

(1) विद्ययाऽमृतमश्नुते
(2) विद्या कल्पतरुः
(3) ज्ञानं-विज्ञानं विमुक्तये
(4) सा विद्या या विमुक्तये

**148.** 'पाया' के लिए सही अंग्रेजी शब्द है

(1) Receved (2) Received (3) Riceved (4) Recieved

**149.** बैंकिंग क्षेत्र में 'Debt' का अर्थ है

(1) आभार (2) उधार (3) ऋण (4) लेनदेन

**150.** सदन की कार्यवाही से अलग किए गए अंश को यदि कोई समाचार-पत्र प्रकाशित करता है, तो उस पर किस तरह का अभियोग बनता है?

(1) अवमानना का
(2) प्रेस कानून उल्लंघन का
(3) मानहानि का
(4) विशेषाधिकार हनन का

***



collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली या काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।

3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। ***इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा, केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***

4. अपना *अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर* पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।

5. **उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।**

6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक सं० और ओ० एम० आर० पत्र सं० की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।

7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।

8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। ***प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***

9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।

10. ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का *उत्तर नहीं देना चाहते हैं,* तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।

11. रफ़ कार्य के लिये प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अन्दर वाले पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।

12. परीक्षा के उपरान्त केवल *ओ०एम०आर० उत्तर-पत्र* परीक्षा भवन में जमा कर दें।

13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।

collegedunia
India's largest Student Review Platform